>

Title: Issue regarding air pollution in Sidhi Parliamentary Constituency.

श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र (सीधी): माननीय सभापति जी, हमारे संसदीय क्षेत्र सीधी में सिंगरौली जिला आता है। यहां कोयले की 10-12 खदानें हैं और करीब दस हजार मेगावॉट बिजली के ताप विद्युत संयत्र हैं। करीब दस हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन के लिए वहां संयत्र बन रहे हैं। वहां कोयला खदान की वजह से ब्लास्टिंग होती है, वहां धूल और कोयले का इतना वायु प्रदूषण है, जिसकी वजह से लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं। वहां पानी खारा हो गया है और वायु प्रदूषित हो गयी है। विभिन्न तरीके की बीमारियां जैसे दमा, टीबी, किडनी फैल्योर लोगों को हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि जहां एक हजार मेगावॉट तापीय विद्युत बनती है, उससे जो फ्लाई ऐश निकलता है, वहां साल भर में करीब पांच सौ किलो मर्करी का उत्सर्जन होता है। जहां दस हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है और दस हजार मेगावॉट का उत्पादन प्रस्तावित है, आप समझ सकते हैं कि वहां टनों मर्करी का उत्सर्जन हो रहा है। वहां गंभीर स्थिति है।

पिछले वर्षों में केंद्रीय सरकार ने सी.पी.सी.बी. के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वहां पर रोक लगा दी थी। लेकिन कतिपय किन कारणों से, वहां प्रदूषण रोकने के लिए उद्योगों पर जो रोक लगी थी कि नए उद्योग स्थापित नहीं हो सकते हैं, पुनः चालू कर दिया गया है। आज वहां परिस्थितियां बहुत दयनीय हैं। लोग मानसिक रूप से विकलांग हैं, टीबी के मरीज बन चुके हैं, किडनी और विभिन्न प्रकार बीमारियां वहां लोगों को हो रही हैं।

मैं आपके माध्यम से पर्यावरण वन मंत्री से यह निवेदन करूंगा कि वहां जो प्रदूषण निगरानी समिति है, कंट्रोल बोर्ड के माध्यम से वहां वह एक समिति भेजे और जांच करा करके वहां प्रदूषण खत्म करने के लिए व्यवस्था करे, जिससे वहां का आम आदमी आपने जीवन को सुरक्षित कर सके।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again tomorrow at 11 a.m.

19.05 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, December 14, 2012/Agrahayana 23, 1934 (Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded as ordered by the Chair.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.